तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, शनिवार 25 जनवरी 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

14 गणतंत्र दिवस से पहले हुई फुल ड्रेस रिहर्सल



12 प्रतिबंधित सहित लकड़ियों के ढेर की सूचना पर ...



## खबर संक्षेप

### वृद्धजनों की बीपी व शूगर की जांच कर दी गई औषधि



**बेमेतरा।** शिव मंगल महिला समिति द्वारा कंतेली में वृद्धाआश्रम संचालित है। इस आश्रम में जिला आयुष विभाग द्वारा हर महीने के दूसरे और चौथे शुक्रवार को स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया जाता है।गत दिवस आयुष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ कुश कुमार साहू व फार्मासिस्ट लखन लाल साहू ने आश्रम में रह रहे वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। साथ ही सभी वृद्धजनों की बीपी व शूगर की जांचकर आवश्यक औषधि प्रदान की गई। डॉ कुश कुमार साहू ने वृद्धजनों को प्रदूषण के कारण उसका स्वास्थ्य पर प्रभाव, लक्षण व प्रदूषण से बचाव के विषय में विस्तार से जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के अंत में सभी वृद्धजनों को मौसमी फल का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में आश्रम की नर्स सिस्टर आरती चंद्रवंशी का विशेष सहयोग रहा।

### पालीथिन और चाइनीज मांजा की तलाश, 40 दुकानों में मारा छापा



**गुरूर।** नगर पंचायत प्रशासन ने शुक्रवार को 40 से अधिक दुकानों का आकस्मिक निरीक्षण किया। नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत पॉलिथीन एवं चाइनीज मांझा से हो रहे दुष्प्रभाव को रोकने हेतु व्यावसायिक दुकानों में पॉलिथीन एवं चाइनीज मांझा को ब्रिकी का पूर्णता निषेध की कार्रवाई की गई व दुकानों को पॉलिथीन एवं चाइनीज मांझा उपयोग नहीं करने समझाइस दी गई। इसमें मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीनिवास पटेल, उपअभियंता कामता प्रसाद नागेन्द्र व नगर पंचायत के कर्मचारी व पुलिस बल उपस्थित थे।

नपाध्यक्ष समेत पार्षदों की टिकट को लेकर भाजपा, कांग्रेस दोनों दलों में माथापच्ची

# बेमेतरा भाजपा अध्यक्ष पद पर पेंच अब संभागीय समिति लेगी निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

राज्य निर्वाचन आयोग ने नगरीय निकाय चुनाव को लेकर इतना राइट शेडयूल जारी किया है कि राजनीतिक दलों को प्रत्याशी चयन के लिए सांस लेने ने तक फुर्सत नहीं है। भाजपा व कांग्रेस दोनों ही पार्टी में प्रत्याशी चयन को लेकर भारी उठापटक चल रही है और पार्टी, संगठन के नेताओं को टिकट को लेकर काफी माथापच्ची करनी पड़ रही है।

क्योंकि राजनीतिक दलों को हर हाल में आज ओर कल के भीतर प्रत्याशियों के टिकट फाइनल करना ही पड़ेगा। बेमेतरा नगर पालिका अध्यक्ष इस बार ओबीसी मुक्त के लिए आरक्षित हुआ है जिसे लेकर बीते दिनों भाजपा कोर कमेटी की देर रात तक बैठक हुई, जिसमें अध्यक्ष, पार्षद प्रत्याशी को लेकर कवायद चली, लेकिन दूसरे दिन बेमेतरा नगर पालिका अध्यक्ष पर जो नाम भेजा गया। उस पर संभागीय समिति ने नाखुशी जतायी जिसके चलते बेमेतरा नगर पालिका के अध्यक्ष का मामले में पेंच फंस गया है। बताया जा रहा है कि पार्टी अपनी ओर से सर्वे कराकर 26 जनवरी तक चयन कर घोषणा कर सकती है। बैठक में सांसद विजय बघेल, मंत्री दयाल दास बघेल, विधायक दीपेश साहू, विधायक ईश्वर साहू, पूर्व विधायक अवधेश चंदेल, जिला भाजपा अध्यक्ष अजय साहू प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### राजनीतिक दलों को आजकल में तय करना होगा प्रत्याशियों के टिकट



### कांग्रेस में पार्षद तय, अध्यक्ष पर भाजपा का इंतजार

कांग्रेस बेमेतरा नगर पालिका अध्यक्ष पद के लिए भाजपा के संभावित नामों के आधार पर प्रत्याशी उतारने की रणनीति बनाई है। कांग्रेस में लगभग जिला मुख्यालय के 21 वार्डों के पार्षद प्रत्याशियों के नाम फाइनल कर दिए जाने की जानकारी सामने आ रही है। हालांकि कुछ वार्डों पर रस्साकसी की स्थित है। बहरहाल कांग्रेस अध्यक्ष पर वेट एन वॉच की नीति पर चल रही है। कांग्रेस में जहां वर्तमान में रह चुकी नगर पालिका अध्यक्ष शकुंतला मंगत साहू, पार्षद घनश्याम देवांगन, जय सोनी, सुमन गोस्वामी, लुकेश वर्मा जहां प्रमुख रूप से दावेदारी पेश किए हैं, लेकिन कांग्रेस के सूत्र यह भी बता रहे हैं कि नए नाम अध्यक्ष के लिए नामित किया जा सकता है।

# परपोड़ी में 7 पार्षद और 2 अध्यक्ष पद के दावेदारों ने खरीदे फार्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| परपोड़ी

नगरीय निकाय चुनाव को लेकर परपोड़ी में सियासी हलचल तेज हो गई है। नगर पंचायत परपोड़ी में 1 अध्यक्ष व 15 पार्षद पद के लिए चुनाव होना है। नगरीय निकाय चुनाव के लिए तीसरे दिन शुक्रवार को अध्यक्ष पद के लिए 2 और पार्षद पद के लिए 7 नामांकन पत्र खरीदे है। लेकिन एक भी नामांकन जमा नहीं किया गया है। चुनाव कार्यक्रम के अनुसार सुबह 10:30 बजे से 3 बजे तक नामांकन खरीदा जा सकता है।

■ संभावित अध्यक्ष व पार्षद पद के दावेदारों ने शुरू किया प्रचार -प्रसार

मिली जानकारी के अनुसार संभावित अध्यक्ष व पार्षद पद के दावेदारों ने प्रचार प्रसार भी शुरू कर दिया है। ऐसा इसलिए भी है कि उन्हें बड़े नेताओं से टिकट का भरोसा मिल गया है। लेकिन अभी तक अधिकृत सूची कांग्रेस व भाजपा ने जारी नहीं की है। कांग्रेस में अधिकांश वार्डों में सिंगल नाम है लिहाजा पार्षदों में टिकट को लेकर विवाद की ▶▶| शेष पेज 13 पर

### ईवीएम से वोट रद्द नहीं होगा

नगरीय निकाय चुनाव में मतदान ईवीएम से होना है। ऐसा माना जा रहा है ईवीएम से मतदान होने के कारण रद्द होने वाले वोट की संभावना खत्म हो गई है। एक मतदाता दो बार ईवीएम का उपयोग करेंगे जिसमें एक अध्यक्ष व एक पार्षद पद के प्रत्याशी के लिए होगा। माना जा रहा है मतदान की प्रक्रिया भी तेज होगी। पीठासीन अधिकारी मतदान के सटीक आंकड़े तय समय में दे सकेंगे। जिससे मतदान पूरी तरह पारदर्शिता रहेगी।

### दिग्गज की साख भी दांव पर

दोनों दलों में टिकट वितरण के बाद ही चुनावी सरगर्मी तेज होगी। चुनाव दलगत होने से प्रमुख दल भाजपा, कांग्रेस के नेताओं की साख भी दांव पर लगी होगी। ऐसे नेताओं में प्रमुख चर्चित नाम पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सीताराम निषाद, भाजपा महामंत्री सतीश जैन, निर्वतमान नगर पंचायत अध्यक्ष अध्यक्ष रिंकी जायसवाल, नगर पंचायत उपाध्यक्ष केशव साहू, जिला महामंत्री कांग्रेस व अध्यक्ष पद के प्रबल दावेदार विजय दुबे, भाजपा नेता राजेश दुबे, पूर्व मंडल अध्यक्ष चंद्रप्रकाश शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेंद्र सिंह ठाकुर आदि का नाम प्रमुखता से शामिल है।

# मतदाता दिवस पर कलेक्टर ने कर्मचारियों को दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर जिला मुख्यालय के बेसिक स्कूल मैदान में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा द्वारा अधिकारियों और कर्मचारियों को लोकतंत्र को सुदृढ़ बनाने की शपथ दिलाई गई।

कलेक्टर सहित अधिकारी एवं कर्मचारीयों ने शपथ लिया कि हम भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इस अवसर पर श्री शर्मा ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव आवश्यक हैं, और इसके लिए सभी अधिकारियों और कर्मचारियों का कर्तव्य है कि वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों को देश की लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लेने और मतदाताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान चुनावी प्रक्रियाओं और तैयारियों की समीक्षा भी की गई, जिससे आगामी चुनावों में किसी प्रकार की चुनौती का सामना न करना पड़े।

### सफाई वाहन का सीएमओ ने किया लोकार्पण




**थानखम्हरिया।** नगर की स्वच्छता व्यवस्था को और मजबूत करने के उद्देश्य से नगर पंचायत थानखम्हरिया ने एक नई पहल की है। नगर पंचायत के मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) यशवंत देवांगन ने कर्मचारियों की उपस्थिति में नाली सफाई वाहन का विधिवत पूजा-अर्चना कर शुभारंभ किया। इस नए वाहन की सहायता से नगर में वर्षों से जमी नाली की गंदगी ▶▶| शेष पेज 13 पर







### एटीएम एवं बैकों के आस-पास की जा रही चेंकिंग व पेट्रोलिंग



**बेमेतरा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने थाना व चौकी प्रभारियों को बैंको व एटीएम की सुरक्षा को दृष्टि गत रखते हुए चेकिंग एवं लगातार पेट्रोलिंग करने आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया है। जिसके तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, डीएसपी कौशिल्या साहू के मार्गदर्शन में जिले के थाना/चौकी प्रभारियों एवं स्टाफ के द्वारा जिले के बैंको व एटीएम एवं बैंको के आस-पास लगातार चेंकिंग एवं पेट्रोलिंग किया जा रहा है जिसमें बैंक के अंदर प्रवेश करने वाले प्रत्येक व्यक्तियों की जानकारी रखने, बैंके अंदर और बाहर लगे कैमरे चालू स्थिति में हो, बैंक का खुलने और बंद होने का निर्धारित समय हो, बैंक का सायरन चालू अवस्था में हो इस पर जोर देते हुए बैंक अधिकारियों के पास निकटतम थाना, पुलिस कंट्रोल रूम, आपातकालीन नंबर मौजुद रहने के साथ ही बैंक पटल पर लिखने, बैंक में प्रवेश करने वाले व्यक्ति चेहरा ढककर/हेलमेट पहन कर अथवा स्कार्फ पहन कर न आये, इस पर विशेष ध्यान देने एवं आवश्यक रूप से बैंक के बाहर नोटिश बोर्ड चश्पा किया जाएने की आवश्यकता बतलाई।



## खबर संक्षेप



### टटेंगा विद्यालय में मनाया गया वंदे मातरम दिवस

**बालोद।** लोक शिक्षण संचालनालय नया रायपुर के निर्देशानुसार वन्देमातरम गीत को राष्ट्रीय गीत के रूप में स्वीकार करने के 75वी वर्षगांठ के अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में वंदे मातरम दिवस मनाया गया। जिसमें पीटीआई रीना बोरकर के द्वारा बच्चों को वंदे मातरम का गायन करवाया गया। इसके पश्चात सांस्कृतिक प्रभारी व्याख्याता अजय पाठक ने बताया कि वंदे मातरम का शाब्दिक अर्थ बताया सभी मातृ शक्तियों को प्रणाम है। वंदे मातरम गीत की रचना बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा सन 1876 में की गई और इसे 1882 को आनंद मठ नामक उपन्यास में प्रकाशित किया गया। इसके गायन में 65 सेकंड का समय लगता है। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कोलकाता अधिवेशन में सर्वप्रथम 1886 को इसका गायन किया गया। इसे एक संन्यासी विद्रोही गीत के रूप में भी जाना जाता है।इस गीत में भारत मां की वंदना मां लक्ष्मी, मां दुर्गा, मां सरस्वती की भांति की गई है। यह गीत संस्कृत और बांग्ला भाषा में लिखी गई है। इसे संविधान सभा के अध्यक्ष डॉ राजेंद्र प्रसाद ने 24 जनवरी 1950 को राष्ट्रीय गीत के रूप में सम्मान दिया। इस कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों के साथ छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### गुहा निषाद की मनाई गई जयंती



**गुरूर।** निषाद समाज भरदा के द्वारा भक्त गुहा निषाद जयंती मनाई गई। ग्रामीण महिलाओ के द्वारा कलश रैली निकाल कर प्रभात फेरी निकाली गई। सामाजिक भवन में अपने इष्टदेव का पूजा अर्चना कर मंगल जीवन की कामना की। गौठान कलामंच मे सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। मुख्य अतिथि अध्यक्ष छत्तीसगढ़ मानव अधिकार फाउंडेशन संतोषी ठाकुर ने कहा कि सामाजिक समरसता को आगे बढाने के लिए संगठन जरुरी है। समाज मे एकता जरुरी है, बच्चों को आगे बढाने के लिए प्रेरित करे, अध्यक्षता पप्पू कांकरिया गुरुर ने किया उन्होने कहा सामाजिक एकता मे बडी ताकत है इसलिए मे भाईचारे की भावना जागृत होनी चाहिए तभी समाज विकास की ओर आगे बढेगा। धोबनपुरी के उपसरपंच संतोष साहू, सरपंच रोहित निषाद, ग्राम विकास समिति अध्यक्ष रोशन साहू, ग्रामीण सचिव सुरेश साहू, सुखी राम साहू अतिथि के रुप मे शामिल थे।

## निधन

### रुखमनी देशमुख

**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम भरदा (कोनारी) निवासी



रुखमनी देशमुख 65 वर्ष का निधन शुक्रवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया जिसमें गांव के गणमान्य नागरिक शामिल हुए। वे चन्द्रकुमार देशमुख की पत्नी, निर्मल देशमुख की भाभी एवं गुमान देशमुख की माता थी।







### गणतंत्र दिवस समारोह का किया गया अंतिम रिहर्सल

**बालोद।** जिला मुख्यालय बालोद स्थित सरयु प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस समारोह का सफल एवं गरिमामय आयोजन सुनिश्चित करने हेतु आज अंतिम अभ्यास सम्पन्न किया गया। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल और पुलिस अधीक्षक एसआर भगत के मार्गदर्शन में समारोह का अंतिम अभ्यास सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे, अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका ठाकुर एवं अशोक जोशी, एसडीएम सुरेश साहू, एसडीओपी देवांश राठौर सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

**लापरवाही : देर से पहुंचने के कारण तस्कर ने किया गायब**

# प्रतिबंधित सहित लकड़ियों के ढेर की सूचना पर अफसर पहुंचे तो नहीं मिला एक टुकड़ा भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

प्रतिबंधित सहित अन्य प्रजाति के पेड़ो के छोटे छोटे लकड़ी के पतली मोटी लकड़ियों के ढेर की जानकारी मिलने पर गुरुवार को जांच के लिए पहुंचे राजस्व व वन विभाग के अधिकारियों के संयुक्त दल को बताई गई भर्री जमीन में लकड़ी का एक भी टुकड़ा नही मिला। जांच दल में आए वन विभाग के सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी ने मंगलवार एवं बुधवार को उक्त जगह में लकड़ी का ढेर होने की बात कही थी। राजस्व की जमीन पर कटाई कर रखी लकड़ी पर वन विभाग द्वारा किसी तरह की कार्रवाई नहीं की जा सकती है की जानकारी दी थी।

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंडी के निर्देशानुसार तहसीलदार डोंडी द्वारा राजस्व निरीक्षक कुसुमकसा व पटवारी को अवैध कटाई कर रखी लकड़ियों की जब्ती कार्रवाई करने गुरुवार को दोपहर लगभग 12 बजे सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी कुसुमकसा व बीट गार्ड के साथ राइस मिल कुसुमकसा से पश्चिम की ओर धरसा रोड से बताए गए भर्री जमीन पर पहुंचे। वहां पर लकड़ी का एक भी टुकड़ा नही था। राजस्व विभाग के राजस्व निरीक्षक ने स्थल का पंचनामा किया। लकड़ी नही मिलने का पंचनामा बनाकर तहसीलदार को रिपोर्ट देने की बात कही। इस अवसर पर रोहित चौधरी सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी कुसुमकसा,मनीष साहू ,बसंत मंडावी राजस्व निरीक्षक कुसुमकसा,श्रीमती दुर्गा मरकाम पटवारी ,सुरेंद्र कुमार अनिल सुथार उपस्थित थे।








### नाका हटाने से चोरों के हौंसले बुलंद

वनोपज जांच नाका भी राष्ट्रीय राजमार्ग 930 के सड़क निर्माण होने के बाद नाका तो हट गया कार्यालय मुख्य मार्ग से अंदर होने के कारण लकड़ी चोरी के हौसले बुलंद है। वे बेखौफ प्रतिबंधित लकड़ियां को काटकर ट्रैक्टर व मेटाडेरो में भरकर मुख्य मार्ग से अन्यत्र परिवहन कर रहे है।

### दो दिन तक कोई नहीं गया

वन विभाग के अधिकारी को कुसुमकसा राइस मिल मुख्य मार्ग से लगभग 300 मीटर दूर धरसा मार्ग में भर्री जमीन पर प्रतिबंधित सहित अन्य प्रजाति के पेड़ो के छोटे छोटे लकड़ी के पतली मोटी लकड़ियां का ढेर पड़ा है जिसमे कहवा अर्जुन वृक्ष ,तेंदू,परसा ,बीजा सहित अन्य प्रजाति के लकड़ी के टुकड़े है की जानकारी देने के दो दिन बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। लकड़ी तस्कर काटी गई सभी लकड़ियों को कार्रवाई होने के पहले रात्रि में ही ले गया।

## चौक-चौराहों पर चुनावी चर्चा जोरों पर उम्मीदवार को देनी होगी सभी जानकारी



हरिभूमि न्यूज: डोंडी

चुनाव आयोग द्वारा नगरीय निकाय चुनाव के बाद त्रिस्तरीय ग्राम पंचायत चुनाव कराने की घोषणा और आदर्श आचार संहिता प्रभावशील होने के बाद ग्राम पंचायत चुनाव को लेकर भी हलचल शुरू हो गई है। गांव के चौक चौराहे, होटल, पान ठेला में पंच सरपंच और जनपद सदस्यों के पदों को लेकर चर्चा होने लगी है। वही प्रशासनिक अधिकारी भी चुनाव को लेकर गंभीर हो गए हैं। बुधवार को जनपद पंचायत डोंडी में सीईओ के निर्देश पर कर्मचारीगण चुनाव सामग्री नाम निदेशन प्रपत्र लिफाफा प्रपत्र दैनिक विवरण आदि सामग्रियों का मिलान कर सेक्टरवार भेजने की तैयारी मे लगे हुए थे।

जनपद पंचायत डोडी के सीईओ डीडी मंडले ने बताया कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को पारदर्शितापूर्वक कराने के लिए नाम निर्देशन फॉर्म लेने और देने के लिए डोडी ब्लॉक में 9 सेक्टर बनाए गए हैं। जिसमें कुआंगोंदी पटेली घोटिया आमादुला कुसुमकसा गुजरा पथराटोला चिखली और डोंडी हैं।

उन्होंने बताया कि इन सेक्टरों में पंच और सरपंच के नाम निर्देशन फॉर्म भरे जा सकेंगे। जनपद सदस्य का फॉर्म ब्लॉक मुख्यालय डोडी के जनपद पंचायत में रिटर्निंग ऑफिसर के दफ्तर में मिलेंगे। सरपंच के पद पर चुनाव खड़े होने वाले लोगों को अपनी शैक्षणिक योग्यता किसी भी तरह की अपराधिक प्रकरण संपत्ति के तहत जिसमें बैंक खाता डाकघर बचत कंपनियों के ब्रांड वित्तीय साधन में जमाधान मोटर कर बाइक अन्य वाहन कंपनी मॉडल इत्यादि का विवरण गहने में धातु वजन तथा मूल्य का विवरण इसके अलावा अचल संपत्ति के तहत कृषि भूमि जहां खेती हो सहित अन्य जानकारी दी।

## विधवा, परित्यकता, तलाकशुदा युवक-युवती के पुनर्विवाह के लिए साहू समाज का परिचय सम्मलेन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

तहसील साहू समाज गुण्डरदेही द्वारा विधवा, विधुर, परित्यकता, तलाकशुदा युवक-युवती के पुनर्विवाह हेतु त्रिदिवसीय परिचय सम्मेलन का आयोजन स्थानीय साहू सदन गुण्डरदेही में किया। इसमें लगभग सौ की संख्या में पंजीयन प्राप्त हुए, जिसमें युवा युवती अपने परिजनों के साथ उपस्थित हुए। ज्ञात हो कि साहू समाज द्वारा अनोखी पहल की गई है। रूढ़ि मान्यताओं को त्याग कर विधवाओं को नए घर बसाने की पहल समाज द्वारा किया जाना सराहनीय कदम है, इससे जरूरतमंद युवक युवती को जीवनसाथी तलाशने में सहुलियत होगी। युवक युवतियों का अपने परिजनों की उपस्थिति में परिचय प्राप्त कर काउंसलिंग की गई। इस आयोजन में समाज के संरक्षक केशव राम साहू, अध्यक्ष मानसिंह सर्वा, अध्यक्ष गुरुर महेंद्र साहू, जिला प्रतिनिधि तुकाराम साहू, कोषाध्यक्ष दिलीप कुल्हारे, सचिव, राजेंद्र कुमार, किशन साहू, टीकम सिंह, हेमंत हिरवानी, बलराम साहू, कल्याण साहू, जग्गू राम साहू, वीरेंद्र कुमार व पदाधिकारी उपस्थिति थे।



## सशिमं में हुआ मातृ स्नेह सम्मेलन व वार्षिक उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

सरस्वती शिशु मंदिर पाररास वार्ड 2 में विद्यालय द्वारा मातृ स्नेह सम्मेलन व वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया।

इसमें समिति की महिला निर्णायकों को शपथ ग्रहण कराकर खेल का शुभारंभ किया गया। मातृ स्नेह सम्मेलन में महिलाओं का मटका फोड़, कुर्सी दौड़, फुग्गा फुलाओ, केला खाओ, कबड्डी व पुरुष वर्ग का मटका फोड़ जलेबी दौड़ का कार्यक्रम रखा गया। इसमें द्वितीय आये प्रतिभागी को शाला की ओर से सम्मानित किया गया। रात्रि में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि साहू समाज अध्यक्ष युगल किशोर साहू थे। विशेष अतिथि अशोक आकाश साहू, नंदनी मण्डावी, सुदीप साहू द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अशोक आकाश ने कहा अपने संस्कार व संस्कृति को जीवन में उतारने हेतु हमें सरस्वती शिशु मंदिर प्रेरित करती है तथा प्रथम, द्वितीय आये बच्चों को पुरस्कृत भी किया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों द्वारा नाटक के माध्यम से मोबाइल से होने वाले दुष्परिणाम के साथ आदिवासी संस्कृति की झलक प्रस्तुत की। प्रधानाचार्य अंजू साहू द्वारा आभार व्यक्त किया गया। इसमें स्टाफ दिव्या, अंजली साहू, तिलेश्वरी व नामेश्वरी उपस्थित थे।



## पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च, सुरक्षा की स्थिति का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

दल्लीराजहरा सहित क्षेत्र में आगामी नगरीय निकाय चुनाव और गणतंत्र दिवस के मद्देनजर सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए दल्लीराजहरा पुलिस द्वारा फ्लैग मार्च निकाली गई। यह मार्च मुख्य रूप से जनता में सुरक्षा का भाव जगाने और किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए पुलिस की तत्परता को प्रदर्शित करने के उद्देश्य से किया गया। दल्लीराजहरा के इस फ्लैग मार्च में पुलिस, सशस्त्र बलों, और अन्य सुरक्षा एजेंसियों के जवान शामिल हुए। मार्च के दौरान संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा की स्थिति का जायजा लिया गया और लोगों से शांति एवं सहयोग बनाए रखने की अपील की गई। इस प्रकार के अभियानों से सुरक्षा बलों की उपस्थिति और सतर्कता का संदेश जाता है, जो चुनाव और राष्ट्रीय पर्व जैसे महत्वपूर्ण अवसरों पर समाज में शांति बनाए रखने में सहायक होते हैं, गणतंत्र दिवस व आगामी चुनाव सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए आदर्श आचार संहिता का पालन कराने के उद्देश्य सेफ्लैग मार्च निकाला गया।

फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस द्वारा असामाजिक तत्वों के व्यक्तियो पर रखी जा रही है। सतत निगरानी जिला पुलिस द्वारा पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए जिले में नाकेबंदी कर संदिग्ध वाहनों व्यक्तियों की चेकिंग की जा रही हैं। जिला पुलिस द्वारा लगातार थाना चौकी क्षेत्र में पेट्रोलिंग किया जा रहा है।





## त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए कार्यकर्ताओं को दिया प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

बूढ़ादेव शक्ति पीठ गंजपारा में हमर राज पार्टी की बैठक आयोजित की गई। जिसमें त्रिस्तरीय चुनाव के लिए कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में 200 सरपंच, 40 जनपद और 10 जिला पंचायत सदस्य का चुनाव लड़ने की सहमति बनी। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष देवेंद्र साहू ने किया।

- बूढ़ादेव शक्ति पीठ गंजपारा में हमर राज पार्टी की बैठक
- पार्टी सरपंच, जनपद व जिला पंचायत सदस्य का लड़ेगी चुनाव

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हमर राज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अकबर राम कोर्राम ने कहा कि इतने कार्यकर्ता ने कम समय में उपस्थित होकर हमर राज पार्टी को मजबूती दी। भाजपा और कांग्रेस घोटाला करके छत्तीसगढ़ को खोखला करने में लगे हैं। छत्तीसगढ़ के खनिज संपदा का हनन किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ के शिक्षकों को नौकरी से निकाला जा रहा है। रोज प्रदर्शन किया जा रहा है। इसके बाद भी सरकार ने कोई संज्ञान नहीं लिया। उन्होंने कहा कि चुनाव में हुए आरक्षण को लेकर हमर राज पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव विनोद नागवंशी ने कहा कि बीजेपी ओबीसी का आरक्षण खत्म करने में लगे हुए हैं। जहां ओबीसी वर्ग के लोग चुनाव लड़ रहे थे वहां सीट अब जनरल कर दिया गया है। ओबीसी वर्ग छत्तीसगढ़ के मूल निवासी है। उनको भी उनका पूरा अधिकार मिलना चाहिए।

### नए पदाधिकारी और चुनाव प्रभारी की नियुक्ति

बैठक में प्रदेश प्रभारी जीवरखण मराई के नेतृत्व में जिला अध्यक्ष देवेंद्र साहू की अनुशंसा पर भगवान दास साहू को प्रदेश प्रवक्ता और प्रदेश मीडिया प्रभारी बनाया गया। किशोर नाथ योगी को बालोद जिला का चुनाव प्रभारी, ओम प्रकाश साहू को जिला संगठन मंत्री, ताम्रध्वज साहू को जिला मीडिया प्रभारी बनाया गया है। प्रीति बाला जोशी जिला सचिव, इंद्रपाल तुमरेकी को लोहारा ब्लॉक अध्यक्ष, कुशाल सिंह मांडवी ब्लॉक उपाध्यक्ष लोहारा, मंसाराम नेताम सचिव, श्याम नेताम संगठन मंत्री ब्लॉक लोहारा, डॉ नीलेश साहू ब्लॉक सचिव डोंडी, खेम बाई नेताम महिला प्रभार सचिव, राजकुमार साहू चुनाव प्रभारी दल्ली राजहरा, सोमकांत नाग चुनाव प्रभारी बालोद ब्लॉक, टंडन कावरे चुनाव प्रभारी बालोद, ईश्वरी मरकाम महिला अध्यक्ष जिला बालोद, होमेश साहू ब्लॉक अध्यक्ष गुरुर, मिथलेश साहू चुनाव प्रभारी गुरुर, भोजराम साहू ब्लॉक सचिव गुरूर, चुनाव प्रभारी यामन साहू ब्लॉक डोंडी का प्रभार दिया गया।

### ये रहे उपस्थित

इस दौरान सर्व आदिवासी समाज जिला अध्यक्ष तुकाराम कोर्राम, राष्ट्रीय सलाहकार नीपोन, हमर राज पार्टी प्रदेश अध्यक्ष बीएस रावटे, प्रदेश सलाहकार यूआर गंगरार्ले, राष्ट्रीय सचिव भोज राम, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष महेश रावटे, शिवदयाल साहू, रीमा साहू, किरण कुमार देवांगन, रामबरन साहू प्रमुख उपस्थित थे।

**तीन दिवसीय कार्यक्रम में हुए विविध आयोजन**

# खलारी उत्सव में दिखी आस्था के साथ सांस्कृतिक छटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/कलंगपुर

गुण्डरदेही ब्लॉक का एक ऐसा गांव खलारी जो शुरू से ही अपने एकता के मिसाल पेश करके विभिन्न आयोजनों के माध्यम से छत्तीसगढ़ की संस्कृति को संजोने का प्रयास करते आ रहा है। एक और जहां आज की युवा धीरे–धीरे अपने प्रदेश की संस्कृति से दूर होते जा रहे हैं। वही ग्राम खलारी के युवा अपने ग्राम के खलारी उत्सव के बड़े आयोजन के माध्यम से पूरे अंचल में अपनी एक अलग पहचान बनाते जा रहे हैं। पुरानी पीढ़ी से शुरू हुए खलारी उत्सव के इस भव्य आयोजन को आज की युवा पीढ़ी बड़े ही जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करते हुए अपनी एक अलग छाप छोड़ रहे हैं।

- प्लास्टिक का उपयोग आयोजन में नहीं हुआ

आस्था के साथ संस्कृति का संगम के तहत कार्यक्रम मे 18 व 19 जनवरी रविवार को दो दिवसीय मानसगान प्रतियोगिता, 18 जनवरी को राम दरबार के संग भव्य शोभा यात्रा निकली।

20 जनवरी को ग्राम मड़ई मेला का आयोजन हुआ। सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक रंगारंग प्रस्तुति हुई। रात्रिकालीन लोकोत्सव भूपेंद्र साहू कृत रंग सरोवर बारुका की प्रस्तुति ने सबका मन मोह लिया छत्तीसगढी लोकगायिका कविता वासनिक, बांसुरी वादक ओपी देवांगन, एम्स रायपुर की स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉ.आकांक्षा साहू भी इस उत्सव में शामिल हुईं। छत्तीसगढ़ के हमर पुरखउती के तर्ज पर पंडाल सजाया, बस्तर आर्ट बांस शिल्पकला, भित्तिचित्र की कलाकारी भी देखने को मिली।



**इनका रहा महत्वपूर्ण योगदान**

खलारी उत्सव के अध्यक्ष खूबलाल साहू, उपाध्यक्ष वेदप्रकाश साहू, कोषाध्यक्ष भारत साहू, सचिव लक्ष्मीकांत साहू, सह सचिव राजेश साहू, कार्यकारिणी प्रमुख चंद्रकांत साहू, मुकेश साहू, रोशन साहू एवं खलारी उत्सव के सभी ऊर्जावान सदस्यों ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### प्लास्टिकमुक्त आयोजन का दिया संदेश

वर्तमान समय में कोई भी आयोजन हो बिना प्लास्टिक उपयोग का आयोजन संभव नहीं होता परंतु खलारी उत्सव के इस भव्य आयोजन में बिना किसी प्लास्टिक के समान का उपयोग किया। कार्यक्रम के आयोजन को संपन्न किया गया। खासकर भोजन में उपयोग होने वाले पत्तल एवं डिस्पोजल को विशेष में ध्यान में रखते हुए स्टील की थाली एवं स्टील के गिलास का उपयोग किया गया जो कि राजेश सिन्हा समाजसेवक सिर्रा भाठा द्वारा प्रदान किया गया। तीन दिन के इस खलारी उत्सव के भव्य आयोजन के कार्यक्रम का मंच संचालन त्रिभुवन साहू, थलेश साहू, श्रीमा साहू एवं निशा साहू ने किया।

**खबर संक्षेप**

### अधिकारी-कर्मचारियों ने ली मताधिकार प्रयोग करने की शपथ

**बालोद।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने आज 25 जनवरी राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में सभी कर्मचारियों को अनिवार्य रूप से मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई। कलेक्टर चन्द्रवाल ने उपस्थित अधिकारी–कर्मचारियों को लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपना मताधिकार का प्रयोग करने शपथ भी दिलाई। इस दौरान अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्रकांत कौशिक सहित संयुक्त जिला कार्यालय के अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित थे।

### शराब की अवैध बिक्री करने वालों पर पुलिस ने की कार्रवाई

**बालोद।** आबकारी विभाग द्वारा शराब कोचियों के विरूद्ध अवैध निर्माण, धारण, परिवहन, विक्रय एवं चौर्यनयन के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए थाना रनचिरई क्षेत्र के अंतर्गत आरोपी जनक लाल साहू के पास से 58 लीटर देशी प्लेन शराब जब्त की है। आरोपी के खिलाफ छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2) के तहत गैरजमानतीय प्रकरण कायम किया है। इसी तरह थाना डौण्डीलोहारा के अंतर्गत आरोपी शुभम साहू के पास से 6.48 लीटर देशी शराब जब्त की गई। आरोपी के खिलाफ छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2) के तहत गैरजमानतीय प्रकरण कायम किया गया है। इसी तरह थाना बालोद अंतर्गत कुल 5.50 लीटर कच्चा महुआ शराब जब्त कर छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2) के तहत 01 लावारिस प्रकरण कायम किया गया। जिला आबकारी अधिकारी राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि 1 अप्रैल 2024 से 23 जनवरी 2025 तक 1260 जगहों में अवैध मदिरा के विक्रय, धारण, निर्माण, संग्रहण, परिवहन एवं अवैध रुप से मद्यपान की सुविधा उपलब्ध कराने तथा सार्वजनिक स्थल पर मदिरापान करने वालों के विरुध्द सतत अभियान चलाकर कुल 697 अपराधिक प्रकरण कायम किया गया है।

**पेज 11 के शेष**

### परपोड़ी में 7 पार्षद ...

स्थिति नहीं रहेगी। भाजपा की बात करें तो 15 वार्डों के लिए 20 नाम है यहां भी विवाद की स्थिति नहीं लगती है। असली सियासी रण अध्यक्ष पद के लिए है। जहां कांग्रेस से 4 नाम है, वहीं भाजपा से 16 उम्मीदवारों का पैनल अध्यक्ष पद के दावेदारों में है।

### सफाई वाहन ...

को आसानी से हटाया जा सकेगा, जिससे स्वच्छता व्यवस्था में व्यापक सुधार आएगा। सीएमओ देवांगन ने बताया कि नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत नगर के प्रमुख स्थानों और रिहायशी इलाकों की नालियों की गहराई से सफाई की जाएगी, जिससे जलभराव और गंदगी की समस्या से निजात मिलेगी। उन्होंने नगरवासियों से भी अपील की कि वे स्वच्छता अभियान में सहयोग करें और स्वच्छ थानखम्हरिया के निर्माण में अपना योगदान दें।

**प्रवचन : कपिल अवतार, ध्रुव चरित व सती चरित के प्रसंग का कथावाचक ने किया वर्णन**

# जहां-जहां सती के अंग गिरे, वहां-वहां मां भगवती के शक्तिपीठ का हो गया निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

दल्ली रोड बालोद के आम बगीचा में आयोजित श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह में राजराजेश्वर श्री राधा कृष्ण सेवा संस्थान के आचार्य पंडित राजेश तिवारी ने कपिल अवतार, ध्रुव चरित व सती चरित के प्रसंग का वर्णन किया।





■ सब तीरथ बार–बार गंगा सागर एक बार से ही हो जाती है बराबर पुण्य प्राप्ति : पं. राजेश

कथावाचक राजेश तिवारी ने बताया कि मनु शतरूपा की कन्या देवहूति का विवाह कर्दम मुनि के साथ हुआ। कर्दम मुनि ने माता देवहूति के साथ कामद विमान का निर्माण कर 100 वर्षों तक विश्व भ्रमण करते हुए विहार करते हुए नौ कन्याओं को जन्म दिया। नौ कन्या के जन्म के पश्चात कर्दम मुनि सन्यास धारण करना चाहते थे। किंतु कन्याओं के विवाह संस्कार के लिए उन्हें पुनः गृहस्थ आश्रम में रहना पड़ा। इसी बीच कपिल भगवान का अवतार हुआ। कपिल मुनि का आश्रम गंगा सागर तट है, जहां वर्ष में एक बार मेला लगता है। कहावत है सब तीरथ बार–बार गंगा सागर एक बार। मतलब तीरथों में बार- बार जाते हैं और गंगा सागर में एक बार जाते हैं तो बराबर पुण्य की प्राप्ति हो जाती है । भागवताचार्य ने कथा प्रसंग को आगे बढ़ते हुए बताया कि राजा उत्तानपाद की दो रानियां थी सुनीति और सुरुचि, सुनीति अर्थात सुंदर नियमों का पालन करने वाली ,सुरुचि अर्थात रुचि के अनुरूप कार्य करने वाले। बड़ी रानी का पुत्र ध्रुव जिसका चरित्र पुराणों में प्रसिद्ध है बालपन में ही ईश्वर से मिलने की उत्कंठा लेकर जंगल में तपस्या के लिए चले गए थे। नारद जी उसे रास्ते में मिले, घर लौट आए थे। लेकिन संकल्प के आगे उसे घर वापस लौटा नहीं सके। उन्हें गुरु मंत्र, ओम नमो भगवते वासुदेवाय देना पड़ा। उसके कठिन तप के आगे भगवान विष्णु को उसे दर्शन देना पड़ा उसे ध्रुव लोक की पदवी प्रदान की। कथावाचक ने आगे बताया कि दक्ष प्रजापति की कन्या सती का विवाह भगवान शंकर से हुआ। यज्ञ में शिव जी के भाग न देने पर सती माता ने अपने पिता के घर में ही शरीर का त्याग कर दिया। सती के वियोग में भगवान शंकर सती के देह को लेकर पृथ्वी का भ्रमण करने लगे, जहां–जहां पर सती के अंग गिरी। वहां–वहां मां भगवती के एक–एक पीठ का निर्माण हो गया, आज वही पीठ तीर्थ स्थान के रूप में विख्यात है।



### सनातन धर्म समुद्र के समान जिसमें सभी हो जाते हैं समाहित : मयानंद सरस्वती

इसी बीच कथा स्थल में बेमेतरा से दंडी स्वामी श्रीमद् ज्योति मयानंद सरस्वती का आगमन हुआ। उन्होंने अपने प्रवचन में सनातन धर्म की विशालता का वर्णन करते हुए गृहस्थ धर्म को सर्वोत्तम धर्म बताया। उन्होंने कहा कि हमारा सनातन धर्म समुद्र के समान है, जिसमें छोटे–छोटे नदी, नाले आ समाहित हो जाते हैं ऐसा विशाल सनातन धर्म है। उन्होंने कहा कि अपने धर्म को कभी भी परिवर्तित नहीं करना चाहिए। साथ ही बेमेतरा के पास,ष्सपाद लक्षेश्वर धाम मंदिर निर्माण के पुनीत कार्य में सहयोग करने की अपील की । उन्होंने मानव एवं पशु में अंतर बताते हुए कैसे देखना, कैसे सुनना, कैसे खाना, कैसे रहना है यह हमें शास्त्र बताता है और शास्त्रीय धर्म का पालन करना ही मानवता है।

### इनका मिल रहा है सहयोग

कार्यक्रम में छोटेलाल चंद्राकर, पुरुषोत्तम देशमुख, पन्नालाल, मनोज चंद्राकर, मोहित साहू, डोमन साहू, मोहित साहू, संतोष साहू, युवराज देशमुख, पुरुषोत्तम देशमुख, ललित हरदेल, समीर रावत, तेशात देशमुख, राकेश भेड़िया, प्रमोद शर्मा, पोषण कुमार मदनलाल, रवि किरण, मिलन राम एवं शारदा महिला मंडल के सदस्यों का एवं कॉलोनी वासियों का नियमित सहयोग प्राप्त हो रहा है।

# धनोरा में बहेगी राम कथा की अविरल धारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग एवं समस्त ग्रामवासी के सहयोग से 65 वर्ष से श्री मदभागवत कथा एवं दो वर्ष से श्री राम कथा एवं शत चंडी यज्ञ का का आयोजन किया जा रहा है श्री राम कथा भौतिक जीवन में शांति और आनंद प्राप्ति दुख दर्द संकट दूर के उद्देश्य से श्री रामजी की कृपा से आयोजन किया जाता है श्री राम कथा ही नहीं बल्कि यह जीवन संबंधित ज्ञान भंडार है राम चरित मानस ऐसी क ई चौपाईयां है जो हमें प्रेरणा देती है और यदि हम उनकी बातों को मानते है तो वह हमारे जीवन आसान बनाने का काम करती है कौन किसको पुछता है मतलब के अलावा पेड़ जब सुख जाते हैं तो उन पर परिन्दे भी बसेरा नहीं करते अनुभव उम्र से नहीं परिस्थितियों का सामना करने से आता है धैर्य वह गुण है जो आप को हर तुफान के बाद भी स्थिर खड़ा रहने की ताकत देता है अगर आप खुद मजबुत है तो असफल आपका कुछ नहीं बिगड़ा सकती आगे दरबार के श्री लक्ष्मण बाबा जी ने बताया कि माघी पुननी मेला के पावन पर्व पर 4 फरवरी से 7 फरवरी तक श्री हनुमंत कथा श्री पंडित दीपक पाण्डेय जी के मुखारविंद से एवं श्री राम कथा वाचक अनंत विभूषित हनुमंत दार पीठाधीश्वर जगद्गुरु रामानंदाचार्य स्वामी धीरेंद्र चार्य जी महाराज चित्र कुट धाम उत्तर प्रदेश के मुखारविंद से शतचंडी महायज्ञ विद्वान पंडितों के द्वारा सुबह 8 बजे से 12 बजे तक कथा दोपहर 1 बजे से 5 बजे तक एवं 12 फरवरी माघी पुननी मेला मड़ ई एवं रात्रि में छत्तीसगढ़ के मशहूर सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति राग अनुराग हेमलाल कौशल कृत द्वारा दरबार के श्री लक्ष्मण बाबा जी ने सभी भक्तों से आग्रह किया है कि अधिक से अधिक संख्या में आकर इस श्री हनुमंत कथा श्री राम कथा मे डुबकी लगाकर अपने जीवन को कृतार्थ करे यह जानकारी दरबार प्रति निधी चन्द्र कांत कोसरे एवं श्री कुंज लाल साहू जी ने दी।

■ 4 से 7 फरवरी तक होगी श्री हनुमंत कथा



# गणतंत्र दिवस के लिए हुई अंतिम रिहर्सल

## फुल ड्रेस रिहर्सल के मुख्य अतिथि डॉ. बाजपेयी ने ली परेड की सलामी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

गणतंत्र दिवस पर जिला मुख्यालय में आयोजित होने वाले मुख्य समारोह में शामिल परेड एवं अन्य कार्यक्रमों की फुल ड्रेस रिहर्सल शुक्रवार की सुबह 9 बजे आयोजित की गई।

■ विधायक आरंग गुरु खुशवंत साहेब मुख्य अतिथि होंगे और ध्वज फैरायेंगे

कलेक्टर रणबीर शर्मा और पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने परेड की फूलड्रेस रिहर्सल में शामिल हुए। फूलड्रेस रिहर्सल के डमी मुख्य अतिथि अपर कलेक्टर डॉ. अनिल बाजपेयी रहे जिन्हे पुलिस एवं नगर सैनिक की टुकड़ियों ने परेड की सलामी दी।

इस दौरान पुलिस एवं अर्द्धसैनिक बलों की टुकड़ियों, स्काउट-गाइड, एनसीसी गाइड परेड ने बेसिक स्कूल मैदान में परेड की फ़ुल ड्रेस रिहर्सल में शामिल हुए। इस बार भी गणतंत्र दिवस समारोह में स्कूली बच्चे भी हिस्सा ले रहे और परेड और सांस्कृतिक कार्यक्रम किए। पुलिस व सुरक्षाबलों ने अपनी रिहर्सल पूरी की है। ज़िला मुख्यालय बेमेतरा के मुख्य समारोह में विधायक आरंग गुरु खुशवंत साहेब मुख्य अतिथि होंगे वे ध्वज फैरायेंगे। मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करेंगे

तय कार्यक्रम के अनुसार स्वतंत्रता दिवस को सुबह 8.58 बजे मुख्य अतिथि का आगमन होगा। सुबह 9 बजे वे ध्वजारोहण करेंगे। 9.05 बजे परेड का निरीक्षण, गार्ड ऑफ ऑनर दिया जाएगा। मुख्य अतिथि विधायक साहेब 9.15 बजे मुख्यमंत्री का जनता के नाम संदेश का वाचन करेंगे। 9.35 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। वहीं 10.05 बजे से विभागीय चालित झांकी का प्रदर्शन होगा। 10.35 बजे से विधायक उत्कृष्ट काम करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान करेंगे। सुबह 10.45 बजे कार्यक्रम का समापन होगा। समारोह एक घंटे 45 मिनट तक चलेगा।

वहीं शनिवार की देर शाम से ही सरकारी भवनों में रंगीन विद्युत झालरों की सजावट की जाएगी। इमारतें इनकी रोशनी से जगमग हो रही है। गणतंत्र दिवस 26 जनवरी सुरक्षा के पुख़्ता इंतज़ाम किए गए हैं।

## महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा...

**गुण्डरदेही।** अयोध्या में भगवान श्रीराम लला प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूर्ण होने पर खपरी ब में ग्रामीण महिलाओं ने गांव में कलश यात्रा निकाली। वहीं नन्हें बच्चों को भगवान श्रीराम, लक्ष्मण व हनुमान के वेशभूषा में गांव भ्रमण करवाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।



### लापता हुई नाबालिग को पुलिस ने खोज निकाला

**भिलाई।** घर से गायब हुई सात वर्षीय बालिका को पुलिस ने सुरक्षित उसके परिजनों के पास भेज दिया। परिजनों ने पहले आसपास खोजबीन करने के बाद कोई जानकारी बालिका की नहीं मिल पाई। पदमनाभपुर पुलिस में शिकायत के बाद वार्ड 51 निवासी नाबालिग घर में अपने सहेलियों के साथ खेलने जाने की बात बताकर लापता हुई थी। शाम तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने पुलिस के पास पहुंचे। पुलिस ने साईबर प्रहरी ग्रुप की मदद से नाबालिग बच्ची का फोटो वायरल किया गया।

**खैरवाही स्कूल की बैठक में एसडीएम हुए शामिल**

# अंचल में सादगी से मनेगा गणतंत्र दिवस समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी

गणतंत्र दिवस के अवसर पर डौंडी तहसील के ग्राम खैरवाही स्थित मिडिल स्कूल प्रांगण में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, इसमें आचार संहिता लागू होने के कारण गणतंत्र दिवस के आयोजन को लेकर चर्चा की गई। इस बैठक में एसएमडीसी के अध्यक्ष माधवन डोंगरे, हाई स्कूल प्राचार्य एसके साहू, हेमंत सिंग पटेल, गैताम तारम, हरिराम मरकाम एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



गणतंत्र दिवस के महत्व और आचार संहिता के प्रभाव को लेकर चर्चा करते हुए एसएमडीसी के अध्यक्ष माधवन डोंगरे ने कहा कि इस बार गणतंत्र दिवस के आयोजन में आचार संहिता का पालन पूरी तरह से किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस दिन को बहुत धूमधाम से मनाने के बजाय सादगी से मनाने का निर्णय लिया गया है, ताकि आचार संहिता का उल्लंघन न हो और चुनावी प्रक्रिया पर कोई नकारात्मक प्रभाव न पड़े। वहीं हाई स्कूल के प्राचार्य एसके साहू ने बताया कि विद्यालयों में गणतंत्र दिवस का आयोजन सादगीपूर्ण तरीके से किया जाएगा, इसमें मुख्य कार्यक्रम स्कूल परिसर में होगा। तिरंगा झंडा फहराया जाएगा, लेकिन इसके साथ ही किसी भी प्रकार के राजनीतिक नारों या प्रचार से बचने के लिए सभी को निर्देशित किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि छात्रों के बीच शपथ ग्रहण और देशभक्ति के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि बच्चों में राष्ट्रीय एकता और अनुशासन की भावना उत्पन्न हो बैठक में उपस्थित गैताम तारम और हेमंत सिंग पटेल ने भी आचार संहिता के तहत गणतंत्र दिवस के आयोजन के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि आचार संहिता का उद्देश्य चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष बनाना है और हमें इस प्रक्रिया का सम्मान करना चाहिए। इसके साथ ही हरिराम मरकाम ने यह सुझाव दिया कि गणतंत्र दिवस को लेकर कोई भी आयोजन ऐसा न हो, जो राजनीतिक रूप से विवादित हो या जनता के बीच गलत संदेश भेजे।

सभी उपस्थित सदस्यों ने इस बात पर सहमति व्यक्त की कि गणतंत्र दिवस का आयोजन शांतिपूर्ण और संयमित तरीके से किया जाएगा। इस आयोजन में विद्यालय के विद्यार्थियों और स्थानीय लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी, ताकि इस महत्वपूर्ण दिन को एकता और अखंडता के प्रतीक के रूप में मनाया जा सके।

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

